"इफको", कृभको और "नाफेड" के अध्यक्षों का बदला जाना

414. डॉ० रत्नाकर पाण्डेय : क्या कृषिमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल में "इफको" "कृभको" और नाफेड के अध्यक्षों को बदलकर उनके स्थान पर नये अध्यक्षों का चयन किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

कृषि राज्य मंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल) : (क) और (ख) नेफेड और इफको के उप-नियमों के अनुसार, अध्यक्ष का चुनाव निदेशक मण्डल को स्वयं अपने में से ही करना पड़ता है। नेफेड के निदेशक मण्डल ने 22 जनवरी, 1990 को नए अध्यक्ष का चुनाव किया था। इफको ने अभी नए अध्यक्ष का चुनाव करना है। भारत सरकार ने इफको के निदेशक मण्डल के अध्यक्ष का नामांकन 19 दिसम्बर, 1989 को इसके अल्पकालीन उप-नियमों के अन्तर्गत किया है।

वाराणसी और दिल्ली के बीच सुपर फास्ट रेलगाड़ी का आरंभ किया जाना

415. डॉ० रत्नाकर पाण्डेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वाराणसी और दिल्ली के बीच सुपर फास्ट रेलगाड़ी के आरंभ किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अंतिम निर्णय के कब तक ले लिए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीस) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

प्रथम श्रेणी के डिब्बे समाप्त किए जाने का प्रस्ताव

416. डॉ० रत्नाकर पाण्डेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों से प्रथम श्रेणी के समाप्त किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक ले लिए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीस) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Mass Rapid Transport System in Madras

417. SHRI M. VINCENT : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that his Ministry are taking up the issue for allotting more funds for the speedy implementation of the Mass Rapid Transport System in Madras with the Planning Commission; and

(b) if so, the steps taken to expedite this project so far ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES) : (a) Yes, Sir.

(b) (i) Allocation of funds to the project has been increased.

(ii) The State Govt. of Tamil Nadu has been approached to make available the balance land required for construction of this project.